कार्यक्रम | शहर में फ्रैग्मेन्टेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन कार्यक्रम आयोजित

भारतीय न्याय परंपरा का संबंध आदर्श शासकों से रहा : सीएम

नवभारत, जबलपुर। भारत की न्याय परंपरा का संबंध सम्राट विक्रमादित्य जैसे आदर्श शासकों से रहा है, जिनकी पारदर्शी और न्यायपूर्ण व्यवस्था आज भी प्रेरणा देती है। तंत्र तभी मदद करता है,जब व्यक्ति उसका हकदार होता है, तंत्र का जानकार व्यक्ति ही उस पर नियंत्रण रख सकता है। लोकतंत्र को बनाए रखने में न्याय तंत्र की अहम भूमिका है। वर्तमान समय में नवाचार व तकनीक न्याय व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुकी है।

ये सारी बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाईकोर्ट द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चर एंड इंफार्मेशन सेंटर में आयोजित फ्रैग्मेन्टेशन ऑफ फ्यूजन एम्पावरिंग जस्टिस वाया यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि अब नवाचार व तकनीक से कागजी फाइलों का निराकरण होगा। प्रदेश में मूक-बधिर नागरिकों के लिए मोबाइल एप्लीकेशन, कोर्ट आदेशों का डिजिटल सर्टिफिकेशन, फाइलों के त्वरित निराकरण और डिजिटल प्रबंधन जैसी व्यवस्था लागू की गई हैं वहीं राज्य सरकार ने साइबर तहसील सहित कई डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं और मंत्रि परिषद् की बैठकों में भी ई-फाइल प्रणाली लागू की गई है।

आज का दिन देश की न्याय व्यवस्था का ऐतिहासिक दिन

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की न्याय व्यवस्था में यह ऐतिहासिक दिन है। मध्यप्रदेश ईज ऑफ लीविंग और ईज ऑफ जस्टिस की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीसीटीएनएस, मूक-बधिरों के लिए एप्लीकेशन और एआई आधारित तकनीक न्याय व्यवस्था को मजबूत बना रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ट्रांसफॉर्म, रिफॉर्म और परफॉर्म की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि न्याय व्यवस्था पुलिस, जेल, कोर्ट और फॉरेंसिक विभागों के सहयोग से चलती है। संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय से न्याय प्रक्रिया में तेजी आई है। सिक्किम देश का पहला राज्य है जो पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस न्याय व्यवस्था मध्यप्रदेश भी उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

न्यायाधीशों की वृद्धि करने का प्रस्ताव भेजा

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने ये भी कहा कि मध्य प्रदेश में 1.2 करोड़ प्रकरण लंबित है, इसके लिए हाईकोर्ट में 25 न्यायाधीशों की बढ़ोत्तरी एवं जिला न्यायालय में न्यायाधीशों की वृद्धि करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को आग्रह किया कि उक्त प्रस्ताव को शीघ्र अनुमति प्रदान करें।

चीफ जस्टिस ने लॉन्च किए डिजिटल प्लेटफॉर्म

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि नए डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अब फरियादियों को फैसलों की कॉपी के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म पारदर्शिता बढ़ाने और न्याय प्रक्रिया को तेज करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लाइव स्ट्रीमिंग सिस्टम लॉन्च मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए क्लास (कोर्ट रूम लाइव ऑडियो-विजुअल स्ट्रीमिंग सिस्टम) लॉन्च किया।

यह ओटीटी स्टाइल डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिससे लाइव स्ट्रीमिंग पर हाईकोर्ट का सीधा नियंत्रण रहेगा।

नया हाईकोर्ट पोर्टल और 'प्रथम' सिस्टम शुरू

कार्यक्रम में हाईकोर्ट का नया पोर्टल लॉन्च किया गया, जहां जज, वकील और फरियादियों को कोर्ट ऑर्डर, बेल एप्लीकेशन और अन्य दस्तावेज आसानी से उपलब्ध होंगे। साथ ही एआई आधारित डिजिटल डेटा मैनेजमेंट सिस्टम 'प्रथम' भी शुरू किया गया। डिजिटल कॉपी और ऑनलाइन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की शुरुआत कॉपीइंग ऑटोमेशन एंड ज्यूडिशियल इन्फॉर्मेशन डिसेमिनेशन सिस्टम की शुरुआत भी की गई, जिससे कोर्ट आदेशों की प्रमाणित कॉपी आसानी से मिल सकेगी। प्री-मैच्योर प्रिजनर रिलीज के लिए ऑनलाइन क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम भी लॉन्च किया गया।

संकेत वाणी ऐप और ज्योति जर्नल 2.0 लॉन्च

कार्यक्रम में वाक एवं श्रवण बाधित नागरिकों के लिए 'संकेत वाणी' मोबाइल एप लॉन्च किया गया। इसके अलावा मध्यप्रदेश ज्यूडिशियल एकेडमी द्वारा तैयार 'ज्योति जर्नल 2.0' सॉफ्टवेयर भी लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में हाईकोर्ट जस्टिस,जिला न्यायालय के न्यायाधीश , वरिष्ठ अधिवक्ता, बार के पदाधिकारी व सदस्य,जनप्रतिनिधि, मुख्य सचिव अनुराग जैन, न्यायाधीश, पुलिस अधिकारी,न्यायिक अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

अदालतों के डिजिटल ट्रांसफार्मेशन से न्यायाधीशों की कार्यक्षमता बढ़ी

▸ महाधिवक्ता कार्यालय के डिजिटल ट्रांसफार्मेशन : एडवांसिंग पेपरलैस लीगल सिस्टम सेमिनार में बोले सीजेआई

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि पहले प्रकरणों की सुनवाई के दौरान फाईल ढूंढने, जवाब मंगवाने, केस डायरी बुलवाने जैसी प्रक्रिया में समय जाता था, लेकिन अब अदालतों के डिजिटल ट्रांफार्मेशन से न्यायाधीशों की कार्यक्षमता बढ़ी है। तकनीक के उपयोग के कारण प्रकरणों का जल्द निराकरण हो रहा है। वे शनिवार को डुमना रोड स्थित एक निजी होटल में महाधिवक्ता कार्यालय द्वारा आयोजित डिजिटल ट्रांसफार्मेशन रू एडवांसिंग पेपरलैस लीगल सिस्टम विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री विधि व न्याय अर्जुन राम मेघवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मंचासीन थे।

उन्होंने बताया कि सिक्किम पहला हाईकोर्ट है जो पूरी तरह पेपरलैस कार्य करता है। मप्र हाईकोर्ट ने जिस तरह तकनीक को अपनाया है, उससे पूरा भरोसा है कि मप्र पूरे देश को इस फील्ड में लीड करेगा। दरअसल, देश के प्रत्येक राज्य के हाईकोर्ट में पेपरलैस होने की होड़ लगी है। डिजिटाइजेशन ने न्यायपालिका और पक्षकार के बीच एक सेतु का कार्य किया है। अब कोई भी कहीं भी रहकर न केवल अपने मुकदमे को लाइव देख सकता है, वरन फैसले को भी आनलाइन देख सकता है।

देश पंच परमेश्वर के न्याय की परंपरा से जाना गया : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह देश पंच परमेश्वर के न्याय की परंपरा से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के माध्यम से लोकतंत्र बहाल होता है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने कई ऐतिहासिक फैसलों से नई इबारत लिखी है। डॉ. यादव ने कहा कि कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर न्यायालय स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई करती है, इससे अदालत के प्रति लोगों का सम्मान और विश्वास बढ़ा है।

जन सामान्य को त्वरित और सुलभ न्याय मिल रहा: महाधिवक्ता

प्रारंभ में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि पेपरलैस कार्यप्रणाली से जन सामान्य को त्वरित और सुलभ न्याय मिल रहा है। इसमें सुधार भी किया जा रहा है। महाधिवक्ता और उनकी टीम ने सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त महाधिवक्ता एचएस रूपराह, जान्हवी पंडित, उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा, स्वप्निल गांगुली, अभिजीत अवस्थी सहित एजी आफिस की पूरी टीम उपस्थित रही।

नई तकनीक से न्यायिक कार्य में तेजी आई : चीफ जस्टिस

मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्सि संजीव सचदेवा ने कहा कि नई तकनीक को अपनाने से न्यायिक कार्य में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल ट्रांसफार्मेशन के कारण ही महाधिवक्ता कार्यालय की टीम बढिया काम कर रही है और हाईकोर्ट को पूरा सहयोग करती है।

पेपरलैस अदालत समय की मांग : मेघवाल

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि पेपरलैस अदालत समय की मांग है। डिजिटल बजट प्रस्तुतिकरण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अब तो संसद और विधानसभा भी पेपरलैस हो गई है। मेघवाल ने बेहतर कार्यप्रणाली के लिए महाधिवक्ता और उनकी टीम की सराहना की और तकनीक का इस्तेमाल कर इसे और बेहतर बनाने का सलाह भी दी।

महाप्रबंधक ने किया जबलपुर-भिटौनी रेलखंड का सघन निरीक्षण

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक द्वारा शनिवार, 16 मई को रेल संरक्षा, यात्री सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जबलपुर मंडल के विभिन्न रेलखंडों, गढ़ा गुड्स शेड एवं रेलवे स्टेशनों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने विशेष निरीक्षण यान परख से जबलपुर-गढ़ा-कछपुरा-भेड़ाघाट-भिटौनी रेलखंड के मध्य संपूर्ण रूट की तकनीकी व्यवस्थाओं को बारीकी से जाँचा महाप्रबंधक का निरीक्षण यान सर्वप्रथम जबलपुर स्टेशन से रवाना होकर गढ़ा गुड्स शेड पहुंचा। वहां उन्होंने यात्री सुविधाओं एवं माल यातायात से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इसके पश्चात कछपुरा मालगोदाम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को परिचालन में सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कछपुरा-भेड़ाघाट-भिटौनी रेलखंड के बीच महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली और ओवरहेड इक्विपमेंट व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया, ताकि ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह सुरक्षित और निर्बाध रहे। भिटौनी रेलवे स्टेशन पर महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं की समीक्षा की और स्टेशन पर रेलवे द्वारा निर्धारित

संरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। भिटौनी से लौटते समय महाप्रबंधक मदनमहल रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां उन्होंने चल रहे बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं और काम के दौरान यात्रियों की सुविधाओं में कोई व्यवधान न आए। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान बताया कि 'यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों का समयपालन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। चालू विकास परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए और इनके साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

कार की टक्कर से दो घायल

जबलपुर। मझौली पुलिस ने बताया कि कटंगी बेलखाडू निवासी इरशाद अंसारी अपने भाई शहजाद व साथ में काम करने वाले कमल रैदास, आसिफ अंसारी के साथ लोडिंग वाहन में टैंट का सामान लोड कर ग्राम बिछिया जा रहे थे। जैसे ही वे बचैया मेन रोड ग्राम मोहनिया के बीच रूक-कर रोड पर खड़े होकर बाते कर रहे थे। उसी दौरान बचैया तरफ से आ रही कार एमपी 20 एफ ए 6016 के चालक ने टक्कर मार दी।

कई दिनों से जमी गंदगी हटाई गई

स्थानीयजनों ने नवभारत के प्रति जताया आभार

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम के सफाई अमले को एक बार फिर से निगमायुक्त ने फटकार लगाई तब कहीं जाकर कॉफी हाउस करमचंद्र चौक के नाले के पास कई दिनों से पड़ी सिल्ट, गंदगी को अमले ने हटाया। नाले के पास पड़ी गंदगी को हटाते देख स्थानीयजनों ये कहते हुए नजर आए कि चलो भैया अब कम से कम हम सभी को गंदी बदबू नहीं आएगी। विदित हो कि जनसमस्या की ये खबर और नगर निगम के नाला गैंग कर्मचारियों की उदासीन कार्यप्रणाली को उजागर करती

नाले से बाहर निकालकर छोड़ दी गंदगी के शीर्षक की खबर 10 मई को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर निगमायुक्त ने संज्ञान लिया और स्थानीय लोगों को राहत प्रदान की। गंदगी हटने के बाद स्थानीय रहवासी अविनाश मोटवानी के साथ स्थनीय रहवासियों ने नवभारत व निगमायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार कई दिनों पहले नगर निगम के नाला गैंग के कर्मचारियों ने कॉफी हाउस करमचंद्र चौक के नाले को साफ तो किया लेकिन उससे निकली गंदगी, सिल्ट को कर्मचारियों ने नाले के पास ही छोड़ दिया जिससे

नाले से निकालकर बाहर छोड़ दी गंदगी

गंदी बदबू से लोग हलाकान

सफाई कर्मचारियों की कार्यशैली पर लगातार उठ रहे सवाल

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम के नाला गैंग कर्मचारियों की कार्यप्रणाली से स्थानीय जनों में आक्रोश पनप चुका है। इसकी मुख्य वजह ये है कि कर्मचारियों ने कॉफी हाउस करमचंद्र चौक के नाले को साफ तो किया लेकिन उससे निकली गंदगी, सिल्ट को कर्मचारियों ने नाले के पास ही छोड़ दिया जिससे गंदी बदबू आ रही है। स्थानीय निवासी अविनाश मोटवानी सहित अन्यजनों का कहना है कि सफाई कर्मियों से और स्वच्छता अधिकारी अंकिता वर्मन से उन्होंने कई बार नाले की

गंदगी को हटाने बोला है लेकिन उसके बाद भी अभी तक गंदगी दूर नहीं की गई है। ये पहला मौका नहीं है जब नगर निगम के सफाई अमले ने नाले से गंदगी निकालकर बाहर छोड़ दी हो इसके पहले भी सूंदरी में बीच सड़क पर गंदगी कई दिनों तक पड़ी रही। जब निगमायुक्त ने मामले में हस्तक्षेप कर जिम्मेदारों को फटकार लगाई थी तब कहीं जाकर ये गंदगी हटाई गई थी। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि क्या बार बार निगमायुक्त के फटकार के बाद ही सफाई अमला

गंदी बदबू आ रही है। स्थानीय निवासी अविनाश मोटवानी सहित अन्यजनों का कहना था कि सफाई कर्मियों से उन्होंने कई बार नाले की गंदगी को हटाने बोला है लेकिन उसके बाद भी गंदगी दूर नहीं की गई थी।

गंदगी फैलाने पर स्वीट्स शॉप पर लगाया 15 हजार का स्पॉट फाइन

नवभारत,जबलपुर। शहर को स्वच्छ, सुंदर और यातायात को सुगम बनाने के लिए नगर निगम जबलपुर इन दिनों पूरी मुस्तैदी से मैदान पर डटा हुआ है। शनिवार को संभाग क्रमांक 10 रांझी में नगर निगम के अतिक्रमण दल और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक संयुक्त और प्रभावी कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार गुप्ता

स्वीट्स द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर अतिक्रमण करने और प्रतिष्ठान के आस-पास गंदगी फैलाने की शिकायतें सामने आ रही थीं, जिससे राहगीरों और यातायात को असुविधा हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल चालानी कार्रवाई की। इस मौके पर अमले ने गुप्ता स्वीट्स पर 15,000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। निगम प्रशासन ने सभी से स्वच्छता रखने की अपील की है।

मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

बर्थडे पार्टी से लौटे युवक की चाकूओं से गोदकर हत्या

मदनमहल पुराना बस स्टैण्ड के समीप वारदात

नवभारत,जबलपुर। मदनमहल थाना क्षेत्र में पुराने बस स्टैण्ड के समीप रहने वाले एक युवक की देररात चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिचित के किसी साथी की बर्थडे पार्टी में गया था, जहां उसका विवाद हुआ और फिर समझौता हो गया, लेकिन आरोपियों ने उसके घर पहुंचने से पहले ही उसकी हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया और मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया है जबकि एक आरोपी अब भी फरार बताया जा रहा है। पुलिस को जहांगीराबाद रोहाणी ट्रेवल्स के सामने रहने वाले अतुल प्यासी ने बताया कि उसका बड़ा भाई कपिल प्यासी बीती रात बर्थडे पार्टी में गया था। रात्रि लगभग 1-30 बजे उसके घर के सामने से झगड़े की आवाज आने पर उसने घर के बाहर निकलकर देखा तो उसका भाई कपिल प्यासी सुपर कार बजार के सामने खून से लतपथ पड़ा था एवं अंकुश और निहाल को भागते देखा। उसने अपने भाई कपिल से पूछा क्या हुआ तो बताया कि मुझे अंकुश सोंधिया एवं निहाल सोंधिया ने चाकू से मारा है मौके पर पूर्व से कपिल के दोस्त शिवम पटेल, हरी कृष्णा, हनी पटेल भी थे। जिन्होंने बताया कि अंकुश एवं निहाल दोनों कपिल को चाकू मारकर भागे हैं। जिसके बाद सभी लोग घायल कपिल को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से उसे मेडिकल रेफर कर दिया गया, अस्पताल पहुंचने पर कपिल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57